**4.**प्रतिवर्ष बी0ए0 तृतीय वर्ष में संस्कृत विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली मेधावी छात्रा को महाविद्यालय की संस्कृत विभाग पूर्व प्रभारी डा0 इन्द्रारानी गुप्ता के पिता स्व0 श्री सत्य नारायण गुप्ता स्मृति स्वर्ण पदक प्रदान किया जाता है। चित्रकला में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा को सत्र 2020–21 से डा. विनीता यादव द्वारा अपने श्वसुर स्व. श्री किताब सिंह की स्मृति में 5100/–नकद धनराशि, प्रमाणपत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाता है।

**5.समस्या निवारण प्रकोष्ठ–**

महाविद्यालय में छात्राओं की समस्याओं के समाधान हेतु उन्हें समय–समय पर कुशल निर्देशन एवं मार्ग दर्शन प्रदान किया जाता है।

**6. अध्यापक–अभिभावक बैठक–**

महाविद्यालय में समय–समय पर अभिभावक अध्यापक संगम का आयोजन किया जाता है एवं छात्राओं के समक्ष किसी समस्या के निदान हेतु अभिभावक–अध्यापक मीटिंग भी आयोजित की जाती है।

**7. पुरातन छात्रा संगठन–**

महाविद्यालय की भूतपूर्व छात्राओं के साथ समय–समय पर पुरातन

छात्रा संगठन' की बैठक आयोजित की जाती है एवं उन्हें महाविद्यालय में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में आमंत्रित किया जाता है। उन से फोटो, सुझाव एवं जानकारी प्राप्त की जाती है।

## करियर एण्ड काउन्सलिंग

छात्राओं को समय–समय पर रोजगार से सम्बन्धित सूचनाएं प्रदान की जाती है व साथ ही साथ विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी एवं उचित दिशा–निर्देश देने हेतु समय–समय पर विभिन्न विद्वानों के व्याख्यान भी आयोजित किए जातेहैं।

## मूल भूत सुविधायें

महाविद्यालय प्रांगण में 'स्वच्छ प्रदेश स्वस्थ प्रदेश' को सार्थकता प्रदान करते हुए आधुनिकतम सुविधाओं से युक्त छात्राओं के लिए प्रसाधन कक्ष एवं आर.ओ. का शीतल निर्मल पेयजल की सुविधा संपूर्ण परिसर में उपलब्ध है।

## शुल्क सम्बन्धी विशेष सूचना

1. छात्राओं को साक्षात्कार समिति से प्राप्त शुल्क स्लिप तीन प्रतियों में प्राप्त होगी, महाविद्यालय द्वारा दी गई शुल्क स्लिप पर बैंक की मोहर लगाकर एक प्रति विद्यार्थी को बैंक कर्मी द्वारा वापस कर दी जायेगी। शेष दो प्रति बैंक के पास रहेगी प्रत्येक छात्रा रसीद अवश्य प्राप्त करें।
2. आगत शुल्क वापस नहीं किया जायेगा।
3. पिता/अभिभावक का दायित्व होगा कि वे छात्रा के महाविद्यालय एवं छात्रावास शुल्क का उपयुक्त समय पर भुगतान करें।
4. जो विद्यार्थी निर्धारित तिथि तक अपना प्रवेश शुल्क जमा नहीं करेंगे उनकाअधिकार स्वतः निरस्तहोजायेगा।

## प्रवेश के सामान्य नियम

1. प्रत्येक स्नातक एवं स्नात कोत्तर में प्रथम वर्ष में नवीन प्रवेश लेने हेतु छात्रा को वि.वि. का Web Registration (WRN) www.dbrau.ac.in कराना अनिवार्य हैं।
2. इस विवरण पुस्तिका का मूल्य 300/– रू. है। पंजीकृत डाक द्वारा 350/– रू0 लिया जायेगा।

3. विवरण पुस्तिका किसी भी दशा में वापस नहीं ली जायेगी।
4. विवरणिका में दी गयी प्रवेश नियमावली के अनुसार सभी कक्षाओं में प्रवेश योग्यता के आधार पर किये जायेंगे। सभी अंक तालिकाओं की प्रमाणित प्रतिलिपियां तथा स्थानान्तरण एवं चरित्र प्रमाण–पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
5. छात्राओं को शुल्क प्रति सेमेस्टर देय होगा।
6. जो छात्रायें परीक्षा में दुर्व्यवहार तथा कॉलेज में अनुशासनहीनता यूनीफार्म की अवहेलना करती पायी जायेंगी, उनका प्रवेश रद्द कर दिया जायेगा तथा उन्हें अगले वर्ष प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी। परीक्षा में अनुचित साधन प्रयोग करती पायी जाने वाली छात्राओं को भी महाविद्यालय में प्रविष्ट नहीं किया जायेगा।
7. प्राचार्य को किसी भी छात्रा को प्रवेश देने से अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार है।
8. संस्थागत छात्राओं के रूप में प्रविष्ट छात्रा को छोड़कर अन्य किसी भी छात्रा को किसी भी दशा में तथा किसी भी कक्षा में अध्ययन हेतु बैठने की अनुमति नहीं दी जायेगी।
9. किसी विषय में स्थान खाली न होने पर छात्रा को यह विषय नहीं दिया जा सकेगा।
10. किसी अन्य विश्वविद्यालय से आने वाली छात्राओं को माइग्रेशन सर्टिफिकेट जमा कराना होगा।
11. सभी छात्रायें विवरणिका (Prospectus) को भली भाँति अध्ययन करें। त्रुटिपूर्ण आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा, यह स्वतः निरस्त हो जायेगा।

## छात्र वृत्तियाँ

छात्रवृत्ति आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि उ.प्र. शासन के अनुसार होगी।

## भारत सरकार द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्तियाँ:–

1.अनुसूचित जाति छात्रवृत्ति
2.परिगणित जाति छात्रवृत्ति (केवल प्रथम श्रेणी अथवा उत्कृष्ट द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण, छात्रों के लिए)
3.विकलांग छात्रवृत्ति (केवल डॉक्टरी प्रमाण–पत्र के आधार पर)

## उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्तियाँः–

1.**ऋण छात्रवृत्ति** (50 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाली छात्राओं के लिए परन्तु 50 प्रतिशत न्यूनतम आवश्यक हैं)।

2.**योग्यता छात्रवृत्ति** (विश्वविद्यालय योग्यताक्रम के आधार पर शिक्षा निदेशक द्वारा निर्णीत)।

3.**राष्ट्रीय योग्यता छात्रवृत्ति** (केवल अध्यापकों की सन्तान के लिए शिक्षा निदेशक द्वारा निर्णीत)।

4.**स्वतंत्रता सेनानी छात्रवृत्ति** (कारावास सम्बन्धित प्रमाण–पत्र के आधार पर जिलाधिकारी द्वारा प्रदत्त)।

5.**सेना छात्रवृत्ति** (सैनिकों की सन्तान के लिए सैनिक निदेशालय द्वारा प्रदत्त)।

6.**उत्तर प्रदेश युद्धोपरान्त सेवा छात्रवृत्ति** (सैनिकों की सन्तान के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त)।

## अनुमोचन छात्रवृत्तियाँ तथा छात्र सहायता कोष

**(क) शुल्क अनुमोचन**

शुल्क मुक्ति हेतु छात्रा आवेदन पत्र कार्यालय से प्राप्त करें, उसमें यथा स्थान प्रविष्टियाँ भरकर उसे निश्चित तिथि तक कार्यालय में जमा करें। छात्रा आवेदनपत्र के साथ निम्नलिखित प्रमाण–पत्र अवश्य लगायें।

1.अंतिमपरीक्षा उत्तीर्णकरने की प्राप्तांकतालिका।

2.विगत संस्था में छात्रवृत्ति/शुल्क मुक्ति यदि प्राप्त की हो उसका प्रमाण।

3.खेल/साहित्य सामाजिक विशेष योग्यता प्रमाण–पत्र।

4.पिता/संरक्षक की जो आय जिस पर भी निम्नलिखित स्त्रोत से हो उसके नाम अंकित प्रमाण–पत्र की प्रतिलिपि

**(ख) आय स्त्रोत प्रमाण–पत्र (मूल प्रतिलिपि)**

1.मासिक वेतन महंगाई भत्ते सहित........................ तत्सम्बन्धी आहरण पदाधिकारी/राजपत्रित अधिकारी

2.खेती एवं पशु ......................... तहसीलदार/कानूनगो/ब्लाकप्रमुख

3.व्यवसाय..............................बिक्री कर विभाग/नगरपालिका/टाऊन

एरिया/ग्रामसभा के अधिकारी/मालिक का किरायारसीद/ठेकेदार तहबाजारी शुल्क मुक्ति हेतु प्राप्त सभी आवेदन पत्रों का निर्णय उन पर प्राप्त संस्तुतियों के आधार पर एवं शुल्क अनुमोचन समिति द्वारा किया जायेगा।

**(ग) छात्रा सहायता कोष**

निर्धन छात्राओं की सहायता के लिये छात्रा सहायता कोष की स्थापना की गयी है। इस कोष में छात्राओं को निम्नलिखित नियमों के अनुसार सहायता मिल सकतीहै।

1. निर्धन छात्राओं को पुस्तकों, वस्त्रों, औषधियों, शुल्क में कमी आदि के रूप में की जायेगी, नकद में नहीं।
2. सहायता देते समय विगत वर्ष के परीक्षा परिणामों को भी ध्यान में रखा जायेगा।
3. ऐसी छात्रायें जो इस वर्ष महाविद्यालय या सरकार से किसी भी प्रकार की सहायता ले चुकी है, उन्हें सामान्यतः कोई सहायता नहीं दी जायेगी। भ्रामक सूचना के आधार पर स्वीकृत सहायता तत्काल निरस्त की ज सकती है। छात्रा का उचित पात्र होना आवश्यक है।
4. अनुशासन हीन छात्राओं को सहायता उपलब्ध न हो सकेगी।

## छात्राओं के लिए सामान्य निर्देश

1. छात्राओं को महाविद्यालय का सूचना–पट प्रतिदिन देखना जरूरी है, जिससे उन्हें सभी आवश्यक सूचनायें तथा दिशानिर्देश प्राप्त हो सकें। यदि छात्रा के नोटिस बोर्ड न देखने के कारण किसी महत्वपूर्ण जानकारी के अभाव में कोई हानि होती है, तो इसका पूर्ण उत्तर दायित्व स्वयं छात्रा का होगा।
2. छात्राओं को परामर्श दिया जाता है कि वे किसी भी प्रकार का असामाजिक कृत्य कॉलेज एवं कॉलेज परिसर के बाहर न करें।
3. ऐसी छात्रायें जो इस वर्ष महाविद्यालय या सरकार से किसी भी प्रकार की सहायता ले चुकी है, उन्हें सामान्यतः कोई सहायता नहीं दी जायेगी। भ्रामक सूचना के आधार पर स्वीकृत सहायता तत्काल निरस्त की जा सकती है। छात्रा का उचित पात्र होना आवश्यक है।
4. अनुशासन हीन छात्राओं को सहायता उपलब्ध न हो सकेगी।

**नोट :—**
छात्रायें प्राचार्या से निर्धारित समय उनके कार्यालय में अपने परिचय पत्र के साथ भेंट कर सकती है। किसी भी छात्रा को आकस्मिक प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

## स्थानान्तरण एवं चरित्र प्रमाण–पत्र

1.टी.सी. लेने के लिये कार्यालय से प्राप्त निर्धारित प्रपत्र को भरकर कार्यालय में जमा करें।

1.कॉलेज से केवल एक बार ही चरित्र प्रमाण–पत्र एवं टी.सी. दिया जायेगा। टी.सी. की द्वितीय प्रतिलिपि प्राप्त करने के लिये शपथपत्र देना होगा।

## परिचय–पत्रः–

कॉलेज की प्रत्येक छात्रा के पास परिचय–पत्र रहना अनिवार्य है। परिचय पत्र खोजाने पर इस आशय का एक प्रार्थना पत्र मुख्य अनुशासन अधिकारी को देने तथा 50 रू0 जमा करने पर डुप्लीकेट प्राप्त हो सकेगा।

## सामान्य निर्देश

1. प्रत्येक कक्षा में 21 प्रतिशत स्थान अनुसूचित जातियों, 27 प्रतिशत स्थान पिछड़ी जातियों, 2 प्रतिशत अनुसूचित जनजातियों तथा 3 प्रतिशत स्थान विकलांगों के लिए (छात्र के स्वयं से संबंधित वर्ग (केटेगरी) के अन्तर्गत हो) आरक्षित होंगे। विकलांगों के लिए जनपद मुख्य चिकित्साधिकारी का प्रमाण–पत्र ही मान्य होगा।
2.स्नातकोत्तर उपाधि के धारक किसी अन्य विषय से स्नातकोत्तर परीक्षा के लिए संस्थागत छात्रा के रूप में प्रवेश नहीं ले सकेंगे।
3.महाविद्यालय में स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रथम वर्ष में प्रवेश नियमानुसार दिये जायेंगे। द्वितीय वर्ष में केवल महाविद्यालय की संस्थागत छात्रा को ही प्रवेश दिये जायेंगे।
4.प्रवेश सूची योग्यता अंक सहित कॉलेज नोटिस पर नोटिस बोर्ड पर लगा दी जायेगी।छात्रायें तद्नुसार प्रवेश प्राप्त करें।
5. स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष में विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित वेबर जिस्ट्रेशन होने पर ही छात्रा का प्रवेश दिया जायेगा।

## शैक्षणिक अंकों की गणना

### (क) स्नातक कक्षायें

1. हाईस्कूल या समकक्ष परीक्षा में प्राप्त प्रतिशत अंकों का 50 प्रतिशत।

2. इण्टरमीडिएट परीक्षा में प्राप्त प्रतिशत अंकों का 100 प्रतिशत।

**<u>(ख) स्नातकोत्तर कक्षायें :</u>**

1.इण्टर मीडिएट परीक्षा में प्राप्त प्रतिशत अंकों का 50 प्रतिशत।

2.स्नातक परीक्षा में प्राप्त प्रतिशत अंकों का 100 प्रतिशत। यदि विद्यार्थी ने हाईस्कूल के स्थान पर हायर सैकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण की हो, तो उसके प्राप्त 50 प्रतिशत अंकों की गणना की जायेगी। अतिरिक्त अंक (अधिकतम 17 अंक)

**<u>(क) शैक्षिक योग्यता :</u>**

1.क्षेत्रीय स्तर की टीम के सदस्य के रूप में राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए .....5 अंक

2.एन.सी.सी. 'सी' सर्टीफिकेट/जी.–2 उत्तीर्ण केडिटों को, अथवा ........................................8 अंक एन.सी.सी. 'बी' सर्टीफिकेट/जी–1 प्रमाण–पत्र धारक केडिटों को, अथवा ....................................6 अंक एन.सी.सी. केडिट जिन्होंने 240 घण्टे कार्य किया है। 2 कैम्पों में भाग लिया है लेकिन कोई परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की है ............3 अंक

3.स्वतंत्रता सेनानी के पुत्र/पुत्री (अविवाहित अथवा पौत्र/पौत्री) ....................................5 अंक

**<u>(ख) स्नातकोत्तर कक्षायें :</u>**

1. एन.सी.सी. 'सी' सर्टीफिकेट जी–2 उर्त्तीण केडिटों को, अथवा ........... ............................................8 अंक एन.सी.सी. 'बी' सर्टीफिकेट/जी–1 प्रमाणपत्र धारककैडिटोंको, अथवा ..............................6 अंक एन.सी.सी केडिट जिन्होंने 240 घण्टे कार्य किया है। 2 कैम्पों में भाग लिया है लेकिन कोई परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की है..........5 अंक
2. एन.एस.एस. में 240 घण्टे का कार्य तथा कम से कम एक कैम्प पूरा करने के लिए ....................5 अंक
3. महाविद्यालय स्तर पर रोवर्स–रेंजर्स के सदस्य को जिसने एक रैली में विश्वविद्यालय स्तर पर भाग लिया हो। अथवा ..........3 अंक महाविद्यालय स्तर पर रोवर्स–रेंजर्स के सदस्य को जिसने अन्तर विश्वविद्यालय रैली में भाग लिया हो.............................5 अंक

<u>नोटः-</u>उपर्युक्त 1 से 4 सन्दर्भ में शासन के खेलकूद अधिकारी द्वारा दिया हुआ प्रमाण–पत्र अथवा विश्वविद्यालय खेलकूद अधिकारी स्पोर्ट्स काउन्सिल कमेटी के अध्यक्ष द्वारा प्रति/रोवर्स रेंजर्स के लिए समन्वयक (रोवर्स रेंजर्स) द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र ही मान्य होगा।

**(ग) सभी कक्षायें :-**

1.डा. भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय और उससे सम्बद्ध (महाविद्यालयों में सेवारत एवं स्ववित्तपोषित संस्थान के अनुबन्धित प्रवक्ता तथा अवकाश प्राप्त केवल स्थायी/अध्यापकों एवंकर्मचारियों के पति/पत्नी/पुत्र/पुत्री तथा कृषि संकाय में स्थायी परियोजनाओं के स्थायी कर्मचारियों के पति/पत्नी/पुत्र/पुत्री........................................................17 अंक

2. भारतीय सेना में सेवारत अथवा अवकाश प्राप्त अधिकारियों का अन्य रेंक के केवल पति–पत्नी, पुत्र–पुत्री (अविवाहित).................10 अंक

3. कारगिल के आपरेशन विजय के शहीदों के पुत्र/पुत्री/विधवाओं को प्रवेश में.............................17 अंक

नोट- प्रत्येक प्रवेश लेने वाली छात्रा को NCC, NSS, Rovers/Rangers में से कम से कम एक कोर्स को लेना अनिवार्य है। ये केवल स्नातक प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए ही है।

## विषय - चयन हेतु नियम

### स्नातक डिग्री पाठ्यक्रम

**संकाय**

- ........................................ *भाषा संकाय*
- ........................................ *कला एवं मानविकी संकाय*
- ........................................ *ललित कला संकाय*
- ........................................ *वाणिज्य संकाय*
- ........................................ *व्यवसाय प्रबंधन (बी.बी.ए)*

**(क) भाषा संकाय**

1. हिन्दी 2. संस्कृत 3. अंग्रेजी

**(ख) कला एवं मानविकी संकाय**

1. अर्थशास्त्र 2. शिक्षाशास्त्र 3. समाजशास्त्र 4. गृहविज्ञान 5. मनोविज्ञान 6. राजनीतिविज्ञान 7. शारीरिकशिक्षा 8. प्रारम्भिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा

**(ग) ललितकला एवं प्रदर्शन कला संकाय**

1. चित्रकला 2. संगीतगायन

**(घ) वाणिज्य संकाय–**

1-Business Administration 2-Account and Law 3-Applied Business Economics

**नोट–**

1. किसी एक संकाय से विद्यार्थी दो मुख्य विषय चुन सकता है।
2. तीसरा मुख्य (Major) विषय किसी अन्य संकाय या दो विषय चुनने वाले संकाय से ले सकते हैं।

3. चौथा लघु (Minor) विषय किसी अन्य संकाय से लेना है यदि तीसरा मुख्य विषय अपने संकाय से लिया है तो।
4. तीनों मुख्य विषय और चौथा लघु विषय एक ही संकाय से नहीं होगा। तीसरा मुख्य विषय और चौथे लघु विषय में से एक अन्य संकाय से होना आवश्यक है। महाविद्यालय में विभिन्न रोजगार परक पाठ्यक्रमों का समावेश किया गया हैं। इन पाठ्यक्रमों को सृजन रोजगार परक शिक्षा के उद्देश्य से युवा शिक्षितों को रोजगार प्रदान कराने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इन पाठ्यक्रमों में विज्ञान, कला एवं कॉमर्स से इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण छात्राऐं प्रवेश ले सकती हैं। बी0ए0 के अनिवार्य विषयों से इतर उक्त सभी एक वर्षीय सार्टीफिकेट पाठ्यक्रम हैं।

## <u>प्रवेश फार्म जमा करने सम्बन्धी निर्देश</u>

1. **बी0ए0 प्रथम वर्ष**–श्री शम्भूदयाल
2. **बी0ए0 द्वितीय वर्ष**–श्री रविकान्त सिंह, श्रीबृजेश कुमार
3. **बी0ए0 तृतीय वर्ष**–श्री ऋषिकुमार, श्रीमती रेखा एवं श्रीमती अंजली यादव
4. **बी0कॉम0** – श्री मनोज कुमार, श्री अभिषेक अग्रवाल
5. **एम0ए0** – (समस्त विषय) श्री मनोज कुमार।

## <u>अनिवार्य पाठ्यक्रम</u>
## <u>Co-curricular semester wise :-</u>

स्नातक स्तर के प्रत्येक विद्यार्थी को प्रत्येक सेमेस्टर में एक सह–पाठ्यक्रम(Co-Curricular) करना अनिवार्य होगा–
स्नातक स्तर पर अनिवार्य सह–पाठ्यक्रमों (Co-Curricular) के अध्ययन–अध्यापन का क्रम सेमेस्टर के अनुसार निम्नवत् होगा।

1. **प्रथम सेमेस्टरः** भोजन, पोषण और स्वच्छता (Food, nutrition and hygiene)
2. **द्वितीय सेमेस्टरः** प्राथमिक चिकित्सा और स्वास्थ्य (First Aid and Health)
3. **तृतीय सेमेस्टरः** मानव मूल्य और पर्यावरण अध्ययन (Human Values and Environmental Studies)
4. **चतुर्थ सेमेस्टरः** शारीरिक शिक्षा और योग (Physical Education and Yoga)
5. **पंचम सेमेस्टरः** विश्लेषणात्मक योग्यताऔरडिजिटलजागरूकता (Analytic Ability and Digital Awareness)

6. **षष्ठम सेमेस्टरः** संचार कौशल और व्यक्तित्व विकास (Communication Skills and Personality Development)-

इन सभी सह–पाठ्यक्रमों को 40 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यार्थी को उत्तीर्ण करना होगा। विद्यार्थी की ग्रेड शीट पर इनके प्राप्तांकों पर आधारित ग्रेड तो अंकित होंगे, परन्तु उन्हें सी.जी.पी.ए. (C.G.P.A.) की गणना में सम्मिलित नहीं किया जायेगा। गतवर्ष से सी0सी0सी0 (CCC) कोर्स संचालित है तथा अगले सत्र से और भी विभिन्न कम्प्यूटर कोर्स संचालित होंगे।

## व्यावसायिक पाठ्यक्रम
(Vocational Courses)

**प्रति सेमिस्टर में निम्न व्यवसायिक पाठ्यक्रम से एक पाठ्यक्रम लेना अनिवार्य है।**

**व्यावसायिक पाठ्यक्रम प्रभारी– डा0 सरिता रानी**

| शीर्षक | प्रकृति | शिक्षक का नाम |
|---|---|---|
| 1Basic Computer Skill | Independent | Ms. Shweta Agrawal |
| 2 Wall Painting & Mural Art | Independent | Ms. Shikha Yadav |
| 3Financial Accounting & Tally | Progressive | Mr. Manish Jain |
| 4 Proficiency in Spoken English Programme | Independent | Ms. Mudassir Jahan |
| 5 संगीत नृत्य प्रवेशिका | Independent | Dr. Snehlata Sharma |
| 6. Health and Fitness trainer | Independent | Dr. Shalini Gupta |
| 7. Yoga Instructor | Independent | Ms. Sandhya Chaturvedi |
| 8.Teaching Skill Development | Independent | Ms. Sarita Sharma |
| 9. Tour Guide | Independent | Dr. Madhavi Singh |
| 10. रेडियो के लिये लेखन एवं प्रस्तुति करण | Independent | Dr. Namrata Tripathi |

## शोध सम्बन्धी दिशा–निर्देष

कॉलेज में मनोविज्ञान, शिक्षाशास्त्र, समाजशास्त्र, चित्रकला और अंग्रेजी विषय में शोध की सुविधा है। शोध छात्राओं को विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित शोध पात्रता परीक्षा पास करने के उपरान्त डा. बी.आर. अम्बेडकर विश्वविद्यालय के नियमानुसार कॉलेज व विश्वविद्यालय से पंजीकरण कराना होगा। प्रत्येक शोध–छात्रा को यह घोषणा पत्र भी देना होगा कि वह पूर्ण कालिक छात्रा के रूप में शोध संलग्न है तथा किसी अन्य उपाधि हेतु प्रत्याशी नहीं है। प्रत्येक शोधार्थी को सप्ताह में 6 पीरिएड पढ़ाना अनिवार्य होगा।

### शोध शुल्क

शोध छात्राओं को निम्नलिखित शुल्क देना होगा–

कला–संकाय में 1200/– रू. प्रतिवर्ष देय है।

## द्विवर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम

**विषय सीट** 1.हिन्दी–80, 2.मनोविज्ञान–80, 3.अंग्रेजी–80
4. अर्थशास्त्र–80, 5.संगीत–80 6.गृहविज्ञान–80 7.शिक्षा शास्त्र–80

**नोट**–एम.ए. में केवल उन्हीं विषयों में प्रवेश मान्य होगा जो वैकल्पिक विषयों के रूप में स्नातक स्तर पर लिये गए हैं। विश्वविद्यालय के नियमानुसार सेमेस्टर या वार्षिक शिक्षा प्रणाली व्यवस्था को अनुमन्य किया जायेगा।

## परीक्षा व्यवस्था

सभी विषयों के प्रश्न पत्र 100 अंकों के होगें, जिनको क्रेडिट एवं फार्मूला के अनुसार परसेन्टाइल एवं ग्रेड में सॉफ्टवेयर द्वारा परविर्तित कर दिया जायेगा।

–सभी विषयों की परीक्षा 100 में से 25 अंकों के लिये सतत् आन्तरिक मूल्यांकन (Continuous Internal Evolution: CIE) एवं 75 अंकों के लिये बाह्य मूल्यांकन के आधार पर ही सम्पन्न की जायेगी।

–25 अंकों का आन्तरिक मूल्यांकन पाठ्यक्रम में वर्णित व्यवस्था के अनुसार होगा।

–महाविद्यालय केन्द्रीकृत व्यवस्था या अन्य सुचिता पूर्ण व्यवस्था के अनुरूप सतत आन्तरिक मूल्यांकन करायेगा तथा असाइनमेंट, क्लासटेस्ट की उत्तर पुस्तिकाओं व अन्य रिपोर्टों को परीक्षा परिणाम घोषित होने के कम से कम एक वर्ष आगे तक सुरक्षित रखा जायेगा।

–सभी विषयों की लिखित परीक्षा होगी एवं अनिवार्य को–करीकुलर विषय की परीक्षा बहुविकल्पीय आधार पर होगी।

## रोजगारपरक पाठ्यक्रमों की परीक्षा

–रोजगार परक पाठ्यक्रमों की थ्योरी/सामान्य भाग की परीक्षा (1 क्रेडिट) विश्वविद्यालयीय संस्थानों/महाविद्यालय द्वारा करायी जायेगी तथा ट्रेनिंग/इन्टर्नशिप (2 क्रेडिट) की परीक्षा पार्टनर द्वारा करायी जायेगी।–

–स्किल पार्टनर विद्यार्थी के द्वारा ट्रेनिंग/इन्टर्नशिप के दौरान किये गये कार्य तथा ऑनलाइन/ऑफ लाइन परीक्षा के आधार पर उसके स्किल का आंकलन कर सकते हैं।

–Theory and Skill के अंक प्राप्त होने के पश्चात् समयार्न्तगत महाविद्यालय द्वारा ABACUS-UP पोर्टल पर अंक अपलोड किये जायेंगे।

–विश्वविद्यालय द्वारा प्राप्त अंक तालिका/डिग्री में उक्त रोजगार परक विषय का विवरण अंकित किया जायेगा।

–इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय/महाविद्यालय एवं स्किल पार्टनर संयुक्त रूप में विद्यार्थी को अलग से भी सर्टीफिकेट जारी कर सकते हैं।

## NEP-2020 के अन्तर्गत बी.ए. (कला संकाय) एवं बी.कॉम. (वाणिज्य संकाय) हेतु नियम

### 1. ग्रेडिंगप्रणाली

राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020, स्नातक स्तर पर सत्र 2021–22 से प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में लागू की गई है। इस हेतु शासनादेश संख्या 1567/सत्तर–3–2021–16 (26)–2011टीसी दिनांक 13जुलाई2021 के संदर्भ में सभी विश्वविद्यालयों के लिए एक ग्रेडिंग प्रणाली की आवश्यकता है, जिससे सभी विश्वविद्यालयों में समान व्यवस्था हो तथा विद्यार्थी का एक विश्वविद्यालय /महाविद्यालय से दूसरे विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में ABACUS-UP के द्वारा स्थानान्तरण किया जा सके।

तलिका-1 (Table-1) लेटर ग्रेड

| लेटर ग्रेड | विवरण | अंकों की सीमा | ग्रेड पॉइंट |
|---|---|---|---|
| O | Outstanding | 91-100 | 10 |
| A+ | Excellent | 81-90 | 9 |
| A | Very Good | 71-80 | 8 |
| B+ | Good | 61-70 | 7 |
| B | Above Average | 51-60 | 6 |
| C | Average | 41-50 | 5 |
| P | Pass | 33-40 | 4 |
| F | Fail | 0-32 | 0 |
| AB | Absent | Absent | 0 |
| Q | Qualified | | |
| NQ | Not Qualified | | |

### 2. उत्तीर्ण प्रतिशत

2.1 Qualifying पेपर्स में Qualified के लिए Q ग्रेड तथा Not Qualified के लिए NQ ग्रेडदियाजायेगा।

2.2 उपरोक्त तालिका में मुख्य एवं माइनर विषयों का प्रत्येक कोर्स/पेपर (थ्योरी एवं प्रेक्टिकल सभी) Credit Course है तथा इन सभी का उत्तीर्ण प्रतिशत अब तक प्रचलित 33 प्रतिशत ही होगा।

2.3 छः सह–पाठ्य क्रम कोर्स (co-curricular courses) तथा तृतीय वर्ष में लघु शोध (Minor project) Qualifying हैं तथा इनके उत्तीर्णांक 40: होगें।

2.4 चार कौशल विकास कोर्स (Skill Development/ Vocational Courses) भी Credit Course हैं तथा इनके उत्तीर्णां कभी 40: ही होगें। शासना देश संख्या 2058/सत्तर–3–2021–08(33)–2020 टी.सी. दिनांक 26 अगस्त 2021 में प्रदान की गई व्यवस्था के अनुक्रम में कौशल विकास/रोजगार परक कोर्स/पेपर का मूल्यांकन कुल पूर्णांक 100 जिनमें से प्रशिक्षण/ट्रेनिंग/प्रैक्टिकल आधारित कार्य का मूल्यांकन 60 अंकों में से होगा तथा सैद्धांतिक (Theory)आधारित कार्य का मूल्यांकन 40 अंकों में से होगा। कौशल विकास कोर्स/पेपर में कुल पूर्णांक 100 में से न्यूनतम उत्तीर्णांक 40 होंगे। प्रशिक्षण/ट्रेनिंग एवं सैद्धांतिक (Theory) में अलग–अलग कोई न्यूनतम उत्तीर्णांक नहीं होंगे ।

2.5 सभी विषयों के मुख्य/माइनर/सह–पाठ्यक्रम/लघु–शोध के प्रत्येक कोर्स/पेपर(थ्योरी एवं प्रेक्टिकल सभी)में अधिकतम अंक 100 में से प्राप्तांकों की गणना 25 अंकों के सतत् आन्तरिक मूल्यांकन व 75 अंकों की विश्वविद्यालय(बाह्य)परीक्षा में प्राप्त अंकों को जोड़ कर की जायेगी।

2.6 मुख्य एवं माइनर विषयों के प्रत्येक कोर्स/पेपर(थ्योरी एवं प्रेक्टिकल सभी) में उत्तीर्ण होने हेतु (अ)विश्वविद्यालय की परीक्षा में अधिकतम 75 अंकों में से न्यूनतम 25 अंक(75 का 33 प्रतिशत) लाने आवश्यक होंगे तथा (ब) आन्तरिक एवं बाह्य परीक्षाओं में कुल मिलाकर न्यूनतम 33 अंक प्राप्त करने होंगे।

2.7 सह–पाठ्यक्रम/लघु–शोध विषयों के प्रत्येक कोर्स/पेपर (थ्योरी एवं प्रेक्टिकल सभी) में उत्तीर्ण होने हेतु (अ) विश्वविद्यालय की परीक्षा में अधिकतम 75 अंकों में से न्यूनतम 30 अंक (75 का 40 प्रतिशत) लाने आवश्यक होंगे तथा (ब) आन्तरिक एवं बाह्य परीक्षाओं में कुल मिलाकर न्यूनतम 40 अंक प्राप्त करने होंगे।

2.8 किसी भी कोर्स/पेपर के आन्तरिक मूल्यांकन में कोई भी न्यूनतम उत्तीर्ण प्रतिशत नहीं है। यदि किसी विद्यार्थी को आन्तरिक मूल्यांकन में शून्य अंक व बाह्य परीक्षा में न्यूनतम उत्तीर्णांक 33 (मुख्य एवं माइनर विषयों में) अथवा 40 (सह–पाठ्यक्रम/लघु शोध विषयों में) प्रतिशत अंक मिलते हैं, तब भी वह उत्तीर्ण होगा। आन्तरिक मूल्यांकन में पूर्ण अनुपस्थिति पर भी शून्य अंक ही मिलेगें।

2.9 किसी भी प्रकार के कृपांक (Grace marks) नहीं दिये जायेगें।

### 3. कक्षोन्नति (Promotion)

3.1 विद्यार्थी को वर्तमान विषम (Odd)सेमेस्टर से अगले सम (Even)सेमेस्टर

में सदैव प्रोन्नत किया जायेगा, चाहे वर्तमान विषम सेमेस्टर का परिणाम कुछ भी हो।

3.2 वर्तमान सम सेमेस्टर से अगले विषम सेमेस्टर अर्थात वर्तमान वर्ष से अगले वर्ष में प्रोन्नति निम्न शर्तों के साथ दी जायेगी :–

अ विद्यार्थी ने वर्तमान वर्ष दोनों सेमेस्टर मिलाकर के कुल आवश्यक (required) क्रेडिट्स का न्यूनतम 50 प्रतिशत क्रेडिट के पेपर्स (थ्योरी एवं प्रेक्टिकल मिलाकर) उत्तीर्ण कर लिए हों तथा ब विद्यार्थी ने वर्तमान वर्ष दोनों सेमेस्टर के Major विषयों तीन मुख्य विषय प्रथमव द्वितीय वर्ष में तथा दो मुख्य विषय तृतीय वर्ष में के सभी पेपर्स(थ्योरी एवं प्रेक्टिकल मिलाकर) के कुल क्रेडिट्स का न्यूनतम 50%क्रेडिट के पेपर्स उत्तीर्ण कर लिए हों। 50%क्रेडिट की गणना करने में दशमलव के बाद के अंक नहीं गिने जाएंगे, जैसे कि 27.6 तथा 27.3 को 27 ही माना जाएगा।

3.3 द्वतीय वर्ष से तृतीय वर्ष में प्रोन्नति के लिए प्रथम वर्ष के आवश्यक (required) 46 क्रेडिट्स के सभी (मुख्य/माइनर/स्किल इत्यादि) पेपर्स तथा Qualifying (सह–पाठ्यक्रम) पेपर्स को उत्तीर्ण करना आवश्यक होगा।

## 4. <u>बैक पेपर अथवा सुधार (Improvement) परीक्षा</u>

4.1 आन्तरिक परीक्षा में बैक पेपर अथवा सुधार (Improvement) हेतु परीक्षा नहीं होगी। केवल पूर्ण सेमेस्टर को बैक परीक्षा के रूप में दोबारा देने की स्थिति में विश्वविद्यालय परीक्षा के साथ आन्तरिक मूल्यांकन भी किया जा सकता है। किन्तु एक विद्यार्थी दो पूर्ण सेमेस्टर्स की संपूर्ण परीक्षाएं एक साथ नहीं दे सकेगा।

4.2 विद्यार्थी को बैक पेपर अथवा सुधार (Improvement) की सुविधा सम–विषम सेमेस्टर्स के पेपर्स के लिए सम–विषम सेमेस्टर्स में ही उपलब्ध होगी।

4.3 विद्यार्थी को बैक पेपर अथवा सुधार (Improvement) हेतु परीक्षा के लिए कोर्स/पेपर तथा उसका पाठ्यक्रम (Syllabus) वही होगा जो उस वर्तमान सेमेस्टर जिसमें वह परीक्षा दे रहा है, में उपलब्ध होगा।

4.4 विद्यार्थी बैक पेपर अथवा सुधार (Improvement)हेतु किसी भी कोर्स/पेपर की विश्वविद्यालय (बाह्य) परीक्षा कालबाधित ना होने तक, चाहे कितनी भी बार दे सकता है। किन्तु यह व्यवस्था वर्तमान वर्ष से केवल 1 वर्ष पहले के पेपर्स के लिए ही उपलब्ध होगी।

## 5. काल अवधि

किसी भी एक वर्ष को पूरा करने की अधिकतम अवधि तीन वर्ष होगी। व्याख्याः —(Explanation) यदि विद्यार्थी सततता में तीनों वर्ष की पढ़ाई करता है, तो उसे अधिकतम नौ वर्ष मिलेगें। किन्तु यदि विद्यार्थी किसी एक वर्ष का सर्टिफिकेट/डिप्लोमा लेकर चला जाता है, तो वह बाकी के वर्षों की पढ़ाई दोबारा शुरू करने के लिए कभी भी वापस आ सकता है तथा उसे आगे के वर्षों की पढ़ाई पूरी करने के लिए तीन वर्ष (प्रति एक वर्ष की पढ़ाई) के मिलेगें।

## 6. CGPA की गणना

6.1 SGPA एवं CGPA की गणना निम्नवत् सूत्रों से की जायेगी :-

| | |
|---|---|
| jth सेमेस्टर के लिए<br>SGPA (Sj) = ∑(Ci x Gi) / ∑Ci | यहाँ पर:<br>Ci = number of credits of the ith course in jth semester<br>Gi = grade point scored by the student in the ith course in jth semester. |
| CGPA (Sj) = ∑(Ci x Si) / ∑Ci | यहाँ पर:<br>Sj = SGPA of the jth semester.<br>Cj = total number of credits in the jth semester. |

6.2 CGPA को प्रतिशत अंकों में निम्नलिखित सूत्र के अनुसार परिवर्तित किया जायेगाः

समतुल्य प्रतिशत = CGPA × 9.5

6.3 विद्यार्थियों को निम्नवत सारणी के अनुसार श्रेणी (Division) प्रदान की जायेगी :-

तालिका (**Table-2**)

| श्रेणी | वर्गीकरण |
|---|---|
| प्रथम श्रेणी | 6.50 अथवा उससे अधिक तथा 10.00 से कम CGPA |
| द्वितीय श्रेणी | 5.00 अथवा उससे अधिक तथा 6.50 से कम CGPA |
| तृतीय श्रेणी | 4.00 अथवा उससे अधिक तथा 5.00 से कम CGPA |



प्रेरणा दिवस पर खेलोत्सव का उद्घाटन




एन0सी0सी0



महाविद्यालय में तीन विषयों मे
शोधकेन्द्र की स्थापना




संस्थापना दिवस पर आयोजित
अन्तर्महाविद्यालय वाद–विवाद
प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण




प्रेरणा दिवस के अवसर पर खेलोत्सव में मंचासीन अतिथि



आत्मनिर्भर भारत मेले की एक झलक



संस्कृति मंत्रालय, उ0प्र0 द्वारा प्रदत्त
वाद्ययंत्रों के साथ संगीत विभाग की छात्रायें।



संस्कृति मंत्रालय द्वारा छात्राओं को वाद्ययंत्र प्रदान किये गये।




कौमी एकता के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन



छात्राओं को शासन द्वारा टैबलेट एवं स्मार्टफोन का वितरण



छात्राओं का स्वागत एवं विदाई समारोह
मिस दाऊदयाल एवं मिस फेयरवेल
के साथ महाविद्यालय की प्राचार्या जी






एन0एस0एस0
वृक्षरोपण कार्यक्रम

